**Daily COVID-19 Updates**

**13 July, 2020**




COVID-19 Tracker
As on 13th July, till 8 AM
Confirmed Cases 878,254 (▲28,701)
Active Cases 301,609 (▲9,351)
Cured* 553,471 (▲18,850)
Deaths 23,174 (▲500)
No. of Cases
0 - 500
501 - 2000
2001 - 10000
10001 - 30000
30000+
Deaths
Statewise - Confirmed Cases (7000+)
MAHARASHTRA 254,427 (▲7827)
TAMIL NADU 138,470 (▲4244)
DELHI 112,494 (▲1573)
GUJARAT 41,820 (▲879)
KARNATAKA 38,843 (▲2627)
UTTAR PRADESH 36,476 (▲1384)
TELANGANA 34,671 (▲1269)
WEST BENGAL 30,013 (▲1560)
ANDHRA PRADESH 29,168 (▲1933)
RAJASTHAN 24,392 (▲644)
HARYANA 21,240 (▲658)
MADHYA PRADESH 17,632 (▲431)
BIHAR 16,642 (▲1269)
ASSAM 16,071 (▲535)
ODISHA 13,121 (▲595)
JAMMU & KASHMIR 10,513 (▲357)
KERALA 7,873 (▲435)
PUNJAB 7,821 (▲234)
Previous Cases
Cases in Last 24 hrs
Cured vs. Deaths
140,325
10,289
89,532
1,966
89,968
3,371
29,162
2,045
15,409
684
23,334
934
22,482
356
18,581
932
15,412
328
18,103
510
15,983
301
12,876
653
11,498
143
10,426
35
8,750
64
5,979
179
4,095
31
5,392
199
Death
Cured
*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs
@COVIDNewsByMIB

# कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करती केंद्र सरकार

मोदी सरकार कोविड-19 की रोकथाम, उसे फैलने से रोकने और प्रबंधन के लिए सभी जरूरी उपाय आरंभ से ही करती आ रही है. एक श्रेणीबद्ध, पूर्व-नियोजित और व्यावहारिक दृष्टिकोण के माध्यम से देश के सभी राज्यों के साथ तालमेल बिठाकर कदम दर कदम न सिर्फ आगे बढ़ रही है, बल्कि उच्चतम स्तर पर इनकी नियमित रूप से समीक्षा और निगरानी भी की जा रही है.

सरकार के आंकड़े यह बता रहे हैं कि कोरोना से अब तक कुल 5,34,000 लोग ठीक हो चुके हैं. सबसे महत्वपूर्ण यह कि इलाज के बाद स्वस्थ होने वाले लोगों की कुल दर 62.93% हो गई है.

इसके अलावा भारत ने पीपीई और एन 95 मास्क की अपनी घरेलू उत्पादन क्षमता में काफी वृद्धि की है, और राज्यों / केंद्र-शासित प्रदेशों की आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा किया जा रहा है. देश में प्रति दिन 3 लाख से अधिक पीपीई और एन 95 मास्क का उत्पादन हो रहा है. राज्यों / केंद्र-शासित प्रदेशों के साथ-साथ केंद्रीय संस्थानों को 111.08 लाख एन-95 मास्क और लगभग 74.48 लाख व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) प्रदान किए गए हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आहवान पर जिस तरह से पीपीई और एन-95 मास्क की घरेलू उत्पादन क्षमता में वृद्धि की है, हम उम्मीद कर सकते हैं कि वह आने वाले समय में निश्चय ही सार्थक परिणाम देगा. गौरतलब है कि भारत सरकार के यही ठोस कदम और कारगर नीति के कारण देश कोरोना संक्रमण के दायरे को कम करने में सफल रहा है और आने वाले दिनों में देश और भी तीव्रता से कोरोना महामारी से मुकाबला करेगा और जल्द ही इसपर विजय प्राप्त करेगा.

**Positive India:**

1. COVID-19 & Vitamin-D: इम्युनिटी मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है विटामिन-डी, पढ़े हेल्थ एक्सपर्ट की राय- https://www.jagran.com/news/national-vitamin-d-is-an-immunity-booster-jagran-special-20505665.html

2. चेन्नई: कोरोना को मात देकर ड्यूटी पर लौटे पुलिसकर्मियों का शीर्ष पुलिस अधिकारी ने किया स्वागत- https://www.jagran.com/news/national-top-cop-welcomes-police-personnel-back-to-duty-after-covid-treatment-in-chennai-20505624.html

3. COVID-19: केरल में पहला 'प्लाज्मा बैंक, थैरैपी के बाद दो संक्रमित हुए स्वस्थ- https://www.jagran.com/news/national-kerala-first-plasma-bank-set-up-at-manjeri-20505636.html

4. Coronavirus In India: देश में बीते 24 घंटों में 28,701 मामले आए, 63% से अधिक मरीज हुए ठीक- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-in-india-more-than-5-lakh-53-thousand-patients-in-the-country-so-far-recovered-fast-recovery-rate-20505008.html

5. दिल्लीवालों के लिए राहत की खबर, कोरोना संक्रमित होने वालों के मुकाबले ठीक होने वालों की संख्या अधिक- https://www.livehindustan.com/ncr/story-more-people-recovering-daily-from-covid-19-in-delhi-than-contracting-it-3347345.html

6. यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में COVID वैक्सीन पर रहेगा फोकस, भारत की भूमिका को अहम मान रहा EU- https://www.livehindustan.com/national/story-eu-summit-will-focus-on-covid-vaccine-european-union-recognising-india-role-as-important-3346389.html

7. चमगादड़ के प्रतिरक्षा तंत्र को समझने से कोविड-19 की दवा बनाने में मिलेगी मदद : वैज्ञानिक- https://navbharattimes.indiatimes.com/india/understanding-the-immune-system-of-bats-will-help-scientists-in-making-kovid-19-medicine/articleshow/76940238.cms

8. Google CEO appreciates PM Modi's leadership in battle against Covid-19- https://www.livemint.com/news/india/google-ceo-appreciates-pm-modi-s-leadership-in-battle-against-covid-19-11594634060016.html

9. AIIMS doctors to generate e-prescriptions to treat patients at home- https://www.livemint.com/news/india/aiims-doctors-to-generate-e-prescriptions-to-treat-patients-at-home-11594634079279.html

**India Fights Corona (Updates):**

भारत में पिछले 24घंटे में कोरोना वायरस के 28,701 नए मामले सामने आए और 500 मौतें हुईं। देश में COVID19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 8,78,254 है जिसमें 3,01,609 सक्रिय मामले, 5,53,471 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले और 23,174 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

ओडिशा में पिछले 24 घंटों में COVID19 के 616 नए  मामले सामने आए हैं, कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर13,737 हो गई है। कुल 8,750 रिकवरी और 4,896 सक्रिय मामले हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

राजस्थान में आज 95 नए COVID19 मामले, 133 ठीक/डिस्चार्ज और 4 की मौतें रिपोर्ट हुई हैं। राज्य में कुल मामलों की संख्या अब 24,487 है, जिसमें 5,753 सक्रिय मामले और 514 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

झारखंड में COVID19 मामलों की कुल संख्या बढ़कर 3,774 हो गई है, जिसमें 1,433 सक्रिय मामले, 2308 ठीक/डिस्चार्ज और 33 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

लोक नायक अस्पताल में दूसरा 'प्लाज्मा बैंक' बनाने की तैयारी चल रही है। इसे जल्द ही शुरू किया जाएगा और मुख्यमंत्री जी इसका उद्घाटन करेंगे: दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया

हिमाचल प्रदेश में अभी तक कोई नया COVID19 केस सामने नहीं आया है। राज्य में कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 1,213 हो गई है, जिसमें 266 सक्रिय मामले, 923 रिकवरी और 9 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

जम्मू और कश्मीर में आज 357 नए COVID19 मामले सामने आए हैं और 10 मौतें हुई हैं, कुल मामलों की संख्या 10,513 हैं जिसमें 5,979 रिकवरी और 179 मौतें शामिल हैं: जम्मू-कश्मीर स्वास्थ्य विभाग

असम में आज 468 COVID19 मरीज़ों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब तक कुल 10,894 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। सक्रिय मामलों की संख्या 5,138 है: राज्य के स्वास्थ्य मंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 1,388 नए COVID19 मामले और 21 मौतें रिपोर्ट हुई हैं, कुल मामलों की संख्या 12,208 हो गई है और कोरोना से मरने वालों की संख्या 934 हुई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

हिमाचल प्रदेश में COVID19 मामलों की कुल संख्या 1231 हो गई है जिसमें 273 सक्रिय मामले, 916 ठीक और 9 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

गुजरात में पिछले 24 घंटों में COVID19 के 879 मामले सामने आए और 13 मौतें हुई हैं। कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 41,906 हो गई है, जिसमें 29,198 ठीक / डिस्चार्ज और 2,047 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

कर्नाटक में पिछले 24 घंटों में 2,627 नए #COVID19 मामले और 71 मौतें रिपोर्ट की गई हैं, कुल मामलों की संख्या 38,843 हो गई है और मरने वालों की संख्या 684 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

उत्तराखंड में आज 20 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, कुल मामलों की संख्या 3,537 हो गई है, जिसमें से 674 मामले सक्रिय हैं। अब तक कोरोना से कुल 47 की मौत हुई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

मुंबई में आज 1,263 COVID19 मामले, 1,441 डिस्चार्ज और 44 मौतें रिपोर्ट हुई हैं। कुल मामलों की संख्या अब 92,720 है जिसमें 64,872 ठीक, 22,556 सक्रिय मामले और 5,285 मौतें शामिल हैं : बृहन्मुंबई नगर निगम

पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटों में 1,560 नए COVID19 पॉजिटिव केस, 26 मौतें और 622 लोग डिस्चार्ज हुए हैं। कुल मामलों की संख्या 30,013 हो गई है जिसमें 932 मौतें और 18,581 डिस्चार्ज शामिल हैं : स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग,पश्चिम बंगाल सरकार

दिल्ली में आज 1,573 COVID19 मामले, 2,276 ठीक हो चुके मामले और 37 मौतें रिपोर्ट की गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी में कुल मामलों की संख्या अब 1,12,494 हो गई है, जिसमें 89,968 ठीक/ डिस्चार्ज / माइग्रेट, 19,155 सक्रिय मामले, और 3,371 मौतें शामिल हैं: दिल्ली स्वास्थ्य विभाग

कोविड-19 के मरीजों के स्वस्थ होने की दर लगभग 63 प्रतिशत हुई।

## देश याद रखेगा कि संकटकाल में जब सरकार श्रमिकों के साथ खड़ी थी, विपक्ष संकीर्ण सियासत में लगा था

कोरोना की महामारी से देश अब धीरे-धीरे उबरने लगा है। मामले जरूर अब भी आ रहे, लेकिन अब इस महामारी के साथ जीने की आदत लोगों ने विकसित कर ली है। बाजार और दफ्तर खुल गए हैं और लोग घरों से बाहर भी निकलने लगे हैं। आज से दशकों बाद भी जब भारत में कोरोना के काल को याद किया जायेगा तो शायद आँखों के सामने जो तस्वीर सबसे पहले आएगी वो अस्पतालों और पीपीई किट पहने स्वास्थ्य कर्मियों की नहीं, बल्कि सैकड़ों की संख्या में पलायन कर रहे मजदूरों की होगी। लॉकडाउन की घोषणा के कुछ दिनों के बाद सड़कों पर उमड़ी प्रवासी श्रमिकों की भीड़ किसी को भी परेशान करने के लिए काफी थी। इस पलायन के बाद अनगिनत सवाल सामने थे.. कि इनका क्या होगा? भोजन-पानी की व्यवस्था कैसे होगी? ये घर तक कैसे पहुंचेंगे? इन्हें संक्रमण से कैसे बचाया जायेगा? जब पूरा देश इन चिंताओं में घिरा था तब कुछ राज्य सरकारें अपनी राजनीति में व्यस्त थीं, उन्हें न तो भूखे पेट सो रहे श्रमिकों की चिंता थी न ही बिना दूध के रोते बच्चों को। इन राज्यों को पैदल चल रहे श्रमिकों के पैरों के छाले नहीं दिखे लेकिन राजनीति करने का एक अवसर दिखा। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर उसके द्वारा शासित कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों तक ने कोरोना काल में श्रमिकों को लेकर केंद्र सरकार पर अनगिनत आरोप लगाये लेकिन समय के साथ सच्चाई बाहर आ ही गयी। बात प्रियंका गाँधी के सैंकड़ों बसें भेजने की दावों की हो या मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ट्रेन उपलब्ध न करवाने के आरोपों की, जनता ने चुप चाप सब देखा और समझने की कोशिश करती रही कि कौन उसके हितों की रक्षा करने में सक्षम है। जैसे हीं श्रमिकों के पलायन की शुरुआत हुई वैसे ही केंद्र सरकार तुरंत एक्शन में आ गयी थी, जगह-जगह श्रमिकों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था करवाई गयी।

Source: http://www.nationalistonline.com/2020/07/12/country-will-remember-that-during-the-crisis-the-government-stood-with-the-workers-and-the-opposition-was-engaged-in-narrow-politics/




**Prepared by:**

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey